## सामाजिक सुरक्षा पर जोर, 'मानधन योजना' से जुड़ेंगे विक्रेता

**निगमायुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त अंजू सिंह ने के पथ विक्रेताओं से की चर्चा**

## शहर के विभिन्न बाजारों की सुंदरता और सड़क किनारे दुकानें खोल आजीविका चला रहे लोगों की सुरक्षा को लेकर बनी सहमति

**जबलपुर।** शहर की सड़कों को व्यवस्थित करने और आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के संकल्प के साथ नगर निगम और शहर के विभिन्न बाजारों के पथ विक्रेताओं के बीच वार्ता संपन्न हुई। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार, अपर आयुक्त (बाजार) श्रीमती अंजू ठाकुर ने विभिन्न बाजार क्षेत्रों के प्रतिनिधिमंडलों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और मौके पर ही उनके निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह और पथ विक्रेताओं के बीच शहर की सुंदरता और आजीविका की सुरक्षा को लेकर सहमति बनी। रांझी, गोरखपुर, अधारताल, ग्वारीघाट और गढ़ा जैसे प्रमुख बाजारों के प्रतिनिधियों ने स्वेच्छा से यह निर्णय लिया कि सभी सब्जी विक्रेता और हाथ ठेला चालक निगम द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर ही अपना व्यवसाय करेंगे।



विक्रेताओं की मांग पर सिटी मिशन मैनेजर को तत्काल निर्देशित किया गया कि सभी पात्र विक्रेताओं को परिचय पत्र और विक्रेता सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएं, ताकि वे बिना किसी भय के अपना कार्य कर सकें। प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि यदि कोई दुकान सड़क पर बाधा उत्पन्न करेगी, तो वे स्वयं उसे हटा लेंगे। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने भी विक्रेताओं की इस पहल का स्वागत किया ताकि रोजमर्रा की आमदनी प्रभावित न हो।

बैठक में सहायक श्रम आयुक्त पवन मंडोत ने उपस्थित सदस्यों को शासन की 'मानधन योजना' की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पंजीयन कराने पर पथ विक्रेताओं को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात 3000 रूपये प्रतिमाह पेंशन प्राप्त होगी।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत असंगठित वर्ग के श्रमिक जिनकी आयु 18-40 वर्ष में तथा जिनकी मासिक आय 15,000 रूपये से कम एवं जिनका पीएफ, ईएसआईसी में रजिस्ट्रेशन नहीं है वे सभी पंजीयन करा सकते हैं। इस योजना में 60 वर्ष के बाद 3000 रुपए मासिक पेंशन मिलेगी। निगम ने सभी पात्र विक्रेताओं को इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। बैठक में अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश भदौरिया, सहित विभिन्न क्षेत्रों के बाजार प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 76 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी**



**प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू**

## 2027 जनगणना की तैयारियां तेज

**जबलपुर।** भारत की आगामी जनगणना 2027 को सुचारू और सटीक बनाने के लिए नगर निगम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम के 16 संभागों के अंतर्गत आने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आज 23 अप्रैल 2026 से आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.), मढ़ोताल में प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल 2026 तक निरंतर चलेगा। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में आई.टी.आई. परिसर में प्रशिक्षण हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई हैं।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड स्टाफ को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराना है ताकि भविष्य में डेटा संकलन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। प्रशिक्षण के पहले दिन कुल 860 आवंटित कर्मचारियों में से अधिकांश ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले 76 कर्मचारियों के प्रति प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## महापौर की पहल से कांचघर मार्ग खुला सुबह निर्धारित समय में आवागमन शुरू

**जबलपुर।** शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की पहल रंग लाई और जेल के समीप स्थित कांचघर मार्ग को आम नागरिकों के लिए खोल दिया गया है। विगत दिवस महापौर ने स्वयं कांचघर क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का निरीक्षण किया था। इस दौरान स्थानीय रहवासियों ने मार्ग बंद होने से हो रही परेशानी से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रशासन से चर्चा की। प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा और जनसुविधा के बीच संतुलन बनाते हुए यह निर्णय लिया गया कि मार्ग को सीमित समय के लिए खोला जाए। तय व्यवस्था के अनुसार प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से 8:30 बजे तक स्थानीय निवासी, मॉर्निंग वॉकर्स और विद्यार्थी इस मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। महापौर ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण उनकी प्राथमिकता है और कांचघर मार्ग का खुलना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। उल्लेखनीय है कि निरीक्षण के एक दिन के भीतर ही इस समस्या का समाधान कर दिया गया।

## डॉ. कावेरी शाह को 'मान्यता चैंपियन' अवार्ड

**जबलपुर।** फॉग्सी के 'मान्यता' कार्यक्रम के तहत मातृ स्वास्थ्य सुधार में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. कावेरी शाह को विगत दिवस 2025-26 में लखनऊ के 'वूम टू बर्थ कॉन्क्लेव' में 'मान्यता चैंपियन' अवार्ड से सम्मानित किया गया। मान्यता नियमों का प्रचार- भारत व सफोज देशों में मान्यता मानकों को लागू कराने में सक्रिय भूमिका। प्राइवेट सेक्टर में सुधार- गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर व एनीमिया कम करने हेतु मुहिम चलाना। ट्रेनर के रूप में काम- पिछले तीन सालों से लगातार संस्थाओं को मान्यता ट्रेनिंग देना, एक्रिडिटेशन में मदद करना और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहित करना।

लखनऊ में आयोजित कॉन्क्लेव में डॉ. प्रीति कुमार, डॉ. हेमा दिवाकर, डॉ. चंद्रवती मौजूद रहीं। फॉग्सी सचिव डॉ. सुवर्णा खादिलकर सचिव फॉग्सी. डॉ भास्कर पाल अध्यक्ष फॉग्सी ने मान्यता चैंपियंस की सराहना की। सम्पूर्ण भारत से लगभग तीस मान्यता चैंपियन्स का चुनाव हुआ था, जिनमें से मध्य प्रदेश से डॉ. कावेरी शाह को चुना गया, यह जबलपुर के लिए अत्यन्त गौरव का विषय है। 'मान्यता' फॉग्सी की पहल है जो प्राइवेट मेटरनिटी अस्पतालों में देखभाल की गुणवत्ता सुधार कर मातृ व नवजात मृत्यु दर घटाने पर फोकस करती है। डॉ. शाह का काम उसी दिशा में अहम कदम है।

## भू-अर्जन मुआवजे में 4 गुना वृद्धि किसानों के लिए ऐतिहासिक निर्णय : जायसवाल

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा कृषि भूमि के भू-अर्जन मुआवजे को लेकर लिया गया निर्णय किसान हित में ऐतिहासिक कदम है। यह बात भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक संदीप जायसवाल ने कही।उन्होंने बताया कि नए प्रावधान के तहत अब किसानों को बाजार दर का चार गुना मुआवजा मिलेगा, जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिलेगी और प्रदेश के विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। यह निर्णय सरकार की किसानों के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जायसवाल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में 55 हजार से अधिक किसानों को 16 हजार करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है, जिसे बढ़ाकर अब प्रतिवर्ष लगभग 20 हजार करोड़ रुपये किया जाएगा। इससे सिंचाई परियोजनाओं, सड़कों, पुलों, रेलवे सहित अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सिंचाई, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के लिए 33,985 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिससे प्रदेश के समग्र विकास को मजबूती मिलेगी।



## आबकारी नीति के विरुद्ध कार्य करने पर क्षेत्रीय महिलाओं, शिवसेना ने किया उग्र प्रदर्शन

**जबलपुर।** शिवसेना के जिला प्रमुख शैलू (सुजीत) पटेल के नेतृत्व में त्रिपुरी चौक शराब दुकान की अव्यवस्थाओं को लेकर त्रिपुरी चौक शराब दुकान के समक्ष उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान शिवसेना राज्य उप प्रमुख शैलेन्द्र बारी ने बताया कि शराब दुकान का खुलने तथा बंद होने का कोई निश्चित समय नहीं है, यहां 24 घंटे शराब मिलती है तथा आसपास खुले में ही शराब पिलाई जाती है, जिसके विरोध में शिवसेना के पदाधिकारियों ने आबकारी अधिकारी के नाम गढ़ा थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक चन्द्रभान झा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शराब दुकान के पास पार्किंग व्यवस्था तथा आबकारी नीति का सख्ती से पालन कराने की मांग की गई। प्रदर्शन में शैलेन्द्र बारी, शैलू सुजीत पटेल, गजानंद गुप्ता, मुकेश सराठे, असीम दुबे, भवानी शंकर सतनामी, सुधीर ताम्रकार, मनीष, रोहित बर्मन, गोपाल धुर्वे, सत्तू पटेल, कुंतीबाई, प्रीति बर्मन, रामबाई, सहित अनेक क्षेत्रीय महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## गोदामों से गेहूँ की निकासी पर कलेक्टर ने लगाई रोक

**रीसाइकिल होकर बिकने की आशंका**

**जबलपुर।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन में अनियमितताओं को रोकने कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आदेश जारी कर जिले में स्थित गोदामों में भंडारित गेहूँ की निकासी पर उपार्जन अवधि तक प्रतिबंध लगा दिया है। श्री सिंह ने आदेश में ऐसे गोदामों को सील करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं।गोदामों में भंडारित विगत वर्षों का गेहूं रीसाइकिल होकर उपार्जन केंद्रों में बिकने की आशंका को देखते हुये कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश के मुताबिक गोदामों से उपार्जन अवधि में गेहूँ निकासी की अनुमति सिर्फ अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के लिखित अनुमति से ही मिलेगी। निकासी के समय अनुविभागीय राजस्व अधिकारी द्वारा अधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी स्थिति में गोदाम का पुराना गेहूं उपार्जन केंद्र में विक्रय हेतु न पहुँचे। आदेश के मुताबिक गोदामों में कीटोपचार की कार्रवाई भी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी की अनुमति से ही हो सकेगी। गोदाम में भंडारित जिन्स की सुरक्षा की पूरी जवाबदारी गोदाम अथवा वेयरहाउस मालिक की ही होगी।

## भीषण गर्मी के चलते 5वीं तक के स्कूल बंद

**जबलपुर।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में प्री-प्राइमरी से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, तापमान 42 डिग्री से अधिक होने और आगे और बढ़ने की संभावना के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इससे पहले स्कूलों का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया था, लेकिन अब छोटे बच्चों को पूरी तरह अवकाश दिया गया है। हालांकि, शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर अपने कार्य करेंगे। प्रशासन ने अभिभावकों से बच्चों को तेज धूप से बचाने और स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील की है।

**वारदात : जमीन और ठेके को लेकर विवाद सामने आया**

## रांझी में सिविल कांट्रेक्टर की गोली मारकर हत्या

**जबलपुर।**

रांझी थानांतर्गत शिव शक्ति चौराहे पर गुरुवार की सुबह 8 बजे एक सिविल कांट्रेक्टर पर अज्ञात मोटरसाइकिल सवार नकाबपोश बदमाशों ने उस वक्त दनादन गोलियां चला दी, जब वे अपने बच्चों को स्कूल छोड़कर घर लौट रहे थे। इस वारदात के बाद सिविल कांट्रेक्टर क्लेरिंस उर्फ राजा गंभीर रुप से घायल हो होकर वही गिर पड़ा। उसके तत्काल बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हत्या की इस सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र में सनसनी व दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घटना के पीछे जमीन का विवाद होना बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के बारे में



महत्वपूर्ण सुराग हाथ लग गए है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा। घटना का वीडियो फुटेज भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि ओएफके और नगर निगम में सिविल वर्क के ठेके लेने वाला 32 वषीय क्लेरिंस उर्फ राजा सुबह लगभग 8 बजे अपने बच्चो को स्कूल छोडने के बाद बाइक से रांझी स्थित अपने निवास जा रहा था। तभी रास्ते में रांझी शिव शक्ति चौराहे के पास नकाबपोश दो बदमाशों ने उसके सर पर गोली दाग दी, गोली लगते ही राजा लहुलुहान होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही सीएसपी रांझी सतीश साहू, थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी, एसएफएल टीम मौके पर पहुंची। गोली लगने से लहुलुहान राजा को 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल पर पुलिस ने लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पुलिस को पता चला है कि मृतक का कुछ लोगों से जमीन का विवाद चल रहा था, वहीं सिविल वर्क ठेके को लेकर प्रतिस्पर्धा का विवाद सामने आया है। सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों के शिनाख्त में जुटी हुई है। पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे है और पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को दबोच लिया जायेगा। पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। फिलहाल अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

**नगर निगम साधाराण सभा की बैठक**

## जबलपुर क्लब लीज का मुद्दा गर्माया

**जबलपुर।** नगर निगम की साधारण सभा की गुरुवार को यहां आयोजित हुई बैठक में श्रद्धांजलि से लेकर नामकरण, लीज प्रकरण और जमीनी समस्याओं तक कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत स्वर कोकिला आशा भोसले, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और स्थानीय पार्षद तम्मा स्वामी को श्रद्धांजलि दी गई। सदन में मौजूद सभी पार्षदों और अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को नमन किया। इस दौरान वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल ने तम्बा स्वामी और समाजसेवी मुंजी नायडू को याद करते हुए कहा कि ये ऐसे जनप्रतिनिधि थे जिन्होंने हमेशा राजनीति से ऊपर उठकर सेवा को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा जनता का भरोसा ही उनकी असली पूंजी था।श्रद्धांजलि के बाद सदन में शहर की सड़कों और चौराहों के नामकरण को लेकर चर्चा शुरू हुई। कई पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व के आधार पर नाम बदलने के प्रस्ताव रखे। खास बात यह रही कि सत्ता और विपक्ष दोनों ने इन प्रस्तावों पर बिना किसी टकराव के सहमति जताई और सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिए गए।

### लीज के मुद्दे पर बहस

बैठक का सबसे ज्यादा समय लीज प्रकरणों पर चर्चा में बीता। विशेष रूप से जबलपुर क्लब की जमीन के लीज नवीनीकरण का मुद्दा जोर-शोर से उठा। विधायक प्रतिनिधि कल्लन गुप्ता ने प्रशासन से सवाल किया कि आखिर यह मामला इतने लंबे समय से लंबित क्यों है





और अब तक स्पष्ट निर्णय क्यों नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि नगर निगम की संपत्तियों से जुड़े मामलों में पारदर्शिता जरूरी है, अन्यथा जनता के बीच गलत संदेश जाता है। इस पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी लंबित मामलों की समीक्षा कर जल्द निर्णय लिया जाएगा, लेकिन जवाब से कई पार्षद संतुष्ट नजर नहीं आए।

### हम ही जनता के बीच होते हैं.. पार्षदों का दर्द छलका

बैठक के दूसरे चरण में माहौल पूरी तरह बदल गया, जब पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। कई पार्षदों ने अधिकारियों और ठेकेदारों पर मनमानी करने के आरोप लगाए।

पार्षदों का कहना था कि विकास कार्यों में देरी, घटिया निर्माण और बिना जानकारी के फैसले लेने के कारण उन्हें जनता के बीच जवाब देना पड़ता है और उनकी छवि खराब होती है। एक पार्षद ने नाराजगी जताते हुए कहा, काम अधिकारी करते हैं, गलती ठेकेदार करते हैं, लेकिन जवाब हमें देना पड़ता है।

### विकास कार्यों की रफ्तार पर उठे सवाल

बैठक में यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठा कि कई स्वीकृत परियोजनाएं फाइलों में ही अटकी हुई हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक जटिलताओं और लापरवाही के कारण शहर के विकास कार्यों की गति धीमी हो गई है। उन्होंने मांग की कि लीज, टेंडर और स्वीकृति जैसी प्रक्रियाओं को समयबद्ध किया जाए, ताकि जमीनी स्तर पर काम तेजी से दिख सके।

### सदन के बाहर प्रदर्शन

जहां एक ओर सदन में बैठक चल रही थी, वहीं इस दौरान नगर निगम सदन के बाहर दीक्षित पुरा क्षेत्र के निवासी प्रदर्शन कर रहे थे. उनका आरोप था कि वे अपनी समस्या लेकर नेता प्रतिपक्ष के पास गये लेकिन उन्होंने उनकी समस्या उठाने से मना कर दिया. इसलिये वह स्वयं नगर निगम सदन में आए हैं, अपनी समस्या लेकर महापौर जगत बहादुरसिंह अन्नू ने उनकी समस्याएं सुनीं और निराकरण का आवश्वासन दिया। गुरुवार देर शाम तक एजेंडों में शामिल 19 प्रस्तावों पर चर्चा नहीं हो सकी थी. लिहाजा आज सुबह 11 बजे से फिर सदन सम्वेद होगा।

## कल चलेगी हावड़ा-सीएसएमटी समर स्पेशल एकतरफा ट्रेन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा गर्मियों के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने और यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से होकर गाड़ी संख्या 01102 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के मध्य एक तरफ़ा एक ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल पर ठहराव सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर है। गाड़ी संख्या 01102 हावड़ा से सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन का संचालन शनिवार 25 अप्रैल 2026 को एक रतफा हावड़ा स्टेशन से रात्रि 23:00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सतना रात्रि 23:00 बजे, पहुंचकर तीसरे दिन कटनी मध्यरात्रि 00:20 बजे, जबलपुर 01:50 बजे, इटारसी 09:50 बजे पहुँचकर और चौथे दिन मंगलवार सुबह 05:00 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 12 सामान्य श्रेणी, 04 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी कोच सहित कुल 18 कोचेस होंगे।ट्रेन के हॉल्ट- बैण्डेल जंक्शन, बर्द्धमान जंक्शन, दुर्गापुर, आसनसोल जंक्शन, धनबाद जंक्शन, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जंक्शन गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा जंक्शन, गया जंक्शन, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम जंक्शन, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, सतना जंक्शन, कटनी जंक्शन, जबलपुर, इटारसी जंक्शन, खंडवा जंक्शन, भुसावल जंक्शन, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जंक्शन, ठाणे एवं दादर सेंट्रल स्टेशनों पर होगा।



# माता बगलामुखी जयंती पर होंगे भव्य धार्मिक आयोजन

**शंकराचार्य मठ स्थित सिद्धपीठ में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज के सानिध्य में आज होगा विशेष पूजन, महाआरती और अर्चन का कार्यक्रम**



हरिभूमि, जबलपुर।

माता बगलामुखी जयंती के अवसर पर आज 24 अप्रैल को शंकराचार्य मठ स्थित बगलामुखी सिद्धपीठ में विविध धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र इस सिद्धपीठ में दिनभर विशेष पूजन-अर्चन और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल भगवती के विशेष श्रृंगार एवं पूजन-अर्चन से होगी। इस दौरान मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भक्तों द्वारा माता की आराधना की जाएगी। संध्याकाल में भगवती का भव्य श्रृंगार, महाआरती एवं विशेष पूजन का आयोजन रखा गया है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। बताया गया है कि जयंती के अवसर पर भक्तों द्वारा आम एवं लड्डू से विशेष अर्चन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा, जिनके मार्गदर्शन में पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है।

### देर रात तक जारी रही तैयारी

जयंती के अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। माता बगलामुखी जयंती को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और आयोजन को भव्य एवं श्रद्धापूर्ण बनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### इन्होंने की उपस्थिति की अपील

मंदिर समिति के भारत सिंह यादव, मधु यादव, सच्चिदानंद शेकटकर, आलोक तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य, राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# 1 मई को 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह, समाजसेवा की अनूठी पहल

जबलपुर।



समाजसेवा की भावना को साकार करते हुए 1 मई 2026 को 51 आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत के साथ समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण भी बनेगा। समाजसेवी शंभुदयालजी बडेरिया व सौरभ बड़ेरिया ने बताया कि यह पुनीत कार्य बागेश्वर धाम सरकार की प्रेरणा एवं विधायक सुशील तिवारी 'इंदू' के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संचालन में अमन तिवारी और हर्ष तिवारी के नेतृत्व में उनकी मित्र मंडली सक्रिय भूमिका निभा रही है। आयोजन में सभी 51 कन्याओं का विधिवत विवाह संपन्न कराया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि हर कन्या को सम्मानपूर्वक विदाई दी जा सके। समारोह को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने में समाज के विभिन्न वर्गों का सहयोग मिल रहा है। आयोजन का उद्देश्य न केवल विवाह कराना है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को बढ़ावा देना भी है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों से इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।

# सक्षम महाकोशल प्रांत ने मनाई संत सूरदास जयंती, दिव्यांग प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



**जबलपुर।** वैशाख शुक्ल पंचमी के अवसर पर सक्षम महाकोशल प्रांत द्वारा जनज्योति नेत्र चिकित्सालय में संत सूरदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा भारती महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री आत्माराम ने अपने उद्बोधन में दिव्यांगजनों की क्षमता को पहचानकर उन्हें सम्मान देने एवं समावेशी समाज निर्माण में सक्षम के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सक्षम मध्य प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. पवन स्थापक ने संत सूरदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दृष्टिबाधित होने के बावजूद वे महान कवि एवं विद्वान थे, जिनका जीवन दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणास्रोत है।
विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन एवं सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी सहित अन्य अतिथियों ने प्रणय पांड्या, मयंक दुबे, अंजली कटारिया एवं अनुश्री नेमा जैसी दिव्यांग प्रतिभाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में महाकौशल प्रांत अध्यक्ष डॉ. आशीष गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि डॉ. अंकित सेठ ने सक्षम का परिचय, अशोक परियानी ने दृष्टिकोण एवं गिरीश सक्सेना ने परिकल्पना प्रस्तुत की। ममता ब्रिजपुरिया एवं आभा जैन ने सक्षम गीत प्रस्तुत किया। दिव्यांग प्रतिभाओं का परिचय संदीप अग्रवाल ने दिया तथा अक्षय सोनी ने सांकेतिक भाषा में अनुवाद किया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सोनी ने एवं आभार प्रदर्शन पीयूष जैन ने किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अपूर्वा स्थापक, इंजीनियर अंशुल बजाज, डॉ. सचिन बुधौलिया, संतोष जैन, प्रमोद नायर, सुचित जैन, नरेंद्र मालवीय, अमित साहू सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# गायत्री मंदिर में साहू महिला मंडल ने किया सुहागलों का आयोजन, 150 महिलाओं ने की पूजा-अर्चना



**जबलपुर।** साहू महिला मंडल द्वारा श्रीनाथ की तलैया स्थित गायत्री मंदिर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सुहागलों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं पति की दीर्घायु की कामना की। आयोजन के पश्चात महिलाओं ने 150 सकोरों का वितरण भी किया, जिसका उद्देश्य पशु-पक्षियों के प्रति सेवा भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष नीतू आशीष साहू, उपाध्यक्ष शिल्पा प्रदीप साहू, सचिव अलका अशोक साहू, कोषाध्यक्ष नीतू रंजीत साहू, सह सचिव प्रभा निशांत साहू सहित पूर्व अध्यक्ष नम्रता सतीश साहू, रेखा प्रहलाद साहू, सीमा राजेश साहू, सरिता रविंद्र साहू, एकता कृष्ण कुमार साहू, निशा अंकित साहू, स्वाति अनुराग साहू, रजनी अभिषेक साहू, नेहा सुमित साहू, दीप्ति अमित साहू उपस्थित रहीं। इसके अलावा वरिष्ठजन आभा दीपक साहू, रजनी कैलाश साहू, श्रद्धा साहू, रानी दिलीप साहू, डॉ. निशा साहू, विमला साहू, सविता साहू, सरिता साहू, ममता दीदी, रजनी दीदी, अर्चना दीदी, रीना दीदी सहित अन्य महिलाओं की सहभागिता रही।

# हज यात्रा पर हाजियों का जत्था रवाना



**जबलपुर।** हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों का जत्था आज जबलपुर से रवाना हुआ। ग़ुलाम क़ादिर (पाली वाले) अपनी पत्नी के साथ गरीबरथ एक्सप्रेस द्वारा मुंबई के लिए प्रस्थान किए, जहां से वे आगे हज यात्रा पर रवाना होंगे।
इस अवसर पर रेलवे स्टेशन पर विदाई देने पहुंचे लोगों ने हाजियों का फूल-मालाओं से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और उनकी सुखद व सफल यात्रा के लिए दुआएं कीं। विदाई देने वालों में हाजी नसीमुद्दीन जमाली, हाजी नुरुस्सलाम, सईद मंसूरी, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, हाजी ग़ुलाम ग़ौस बाबू, फ़ख़रुद्दीन मंसूरी, वकील अहमद मंसूरी, अहसान अहमद, मशहूद अहमद रज़वी, गुलाम रब्बानी, मसरुर अहमद रज़वी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अपनों को विदा करते समय लोगों ने गले मिलकर दुआओं के साथ उन्हें रवाना किया।

# पं. माधव शर्मा बने बरेला तहसील अध्यक्ष



**जबलपुर।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की घोषित कार्यकारिणी में बरेला निवासी सामाजिक संस्थाओं में अग्रसर पंडित माधव शर्मा को बरेला तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अमित द्विवेदी के द्वारा अंकित शुक्ला जिला महासचिव की सहमति से की गई है। इनकी नियुक्ति पर पत्रकार साथी आनंद रजक, नीरज तिवारी, पंडित अमित शुक्ला, दिनेश सोनी, रजनीश माझी, बरेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष बॉबी जैन, ब्राह्मण परीक्षित अध्यक्ष अरविंद तिवारी, ब्राह्मण बरेला के नगर अध्यक्ष योगेश दुबे, नीतीश उपाध्याय, संजय तिवारी, अंकित तिवारी, विमल विश्वकर्मा, विकास दुबे एवं क्षेत्रीय संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के 8वें संस्करण के अंतर्गत जिला आयुष अधिकारी डॉ. सरत्ना चौहान के मार्गदर्शन में विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में पोषण पखवाड़े की थीम के अनुसार गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा नवजात शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही अभिभावकों को प्रारंभिक वर्षों में खेल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने एवं बच्चों का स्क्रीन टाइम कम रखने के लिए प्रेरित किया गया। पोषण पखवाड़ा की नोडल अधिकारी डॉ. अनुपमा वर्मा ने बताया कि जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, आयुष औषधालयों एवं चिकित्सालयों के माध्यम से अब तक 125 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 3000 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है।

# राजेश सहारिया बने संगठन के जिला अध्यक्ष



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि आज संगठन के प्रांतीय सचिव राजकुमार यादव की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा राजेश सहारिया को संगठन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राजेश सहारिया लम्बे समय से संगठन के लिए समर्पित रूप से कार्य करते आ रहे हैं, इनकी इसी लगन, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और संगठन के प्रति समर्पित भावना को देखते हुए सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में इन्हें जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजकुमार यादव, रऊफ खान, आदि ने बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




**श्रीमती तुलसा बर्मन-** पीपी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री मनीष बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बर्मन (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज कुमार महावत-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री मोहन लाल महावत के पुत्र श्री मनोज कुमार महावत (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश वर्मा-** कजरवारा स्थित मां नर्मदे सिटी होम्स निवासी श्री राकेश वर्मा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पारस कुमार चौधरी-** कांचघर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री सुखलाल चौधरी के पुत्र श्री पारस कुमार चौधरी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दुलीचंद-** पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी श्री दुलीचंद का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर सिंह ठाकुर-** सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री शंकर सिंह ठाकुर (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री निखिल तिवारी-** अमखेरा कुदवारी निवासी श्री बालमुकुंद तिवारी के पुत्र श्री निखिल तिवारी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बंसत कुमार सेन-** बजरंग नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री बसंत कुमार सेन (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री जयकरन-** चैतन्य सिटी बिलहरी निवासी श्री जयकरन (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शंको बाई बर्मन-** महानद्दा रोड मदनमहल निवासी श्री कोमलचंद बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती शंको बाई बर्मन (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री लक्ष्मण प्रसाद रैकवार-** वृंदावन कॉलोनी कटंगी रोड निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद रैकवार (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश कुमार मौर्य-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री रमेश कमार मौर्य (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री द्वारका प्रसाद गौंड़-** करमेता पाटन रोड निवासी श्री द्वारका प्रसाद गौंड़ (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दया शंकर गर्ग-** छोटी ओमती निवासी श्री दया शंकर गर्ग (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती शिखा यादव-** सिद्धनाथ रीवा कॉलोनी छापर रामपुर निवासी मुकेश यादव की धर्मपत्नी श्रीमती शिखा यादव (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश यादव-** छापर रामपुर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री सतीश यादव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री महेंद्र सिंह-** छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री महेंद्र सिंह (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# खितौला समपार फाटक बंद करने का प्रस्ताव स्थगित
## जनप्रतिनिधियों के प्रयास रंग लाए

**सिहोरा।** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा सिहोरा-मंझगवा खितौला रोड स्थित समपार फाटक क्रमांक 336 को सड़क यातायात के लिए स्थायी रूप से बंद करने के प्रस्ताव को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय अग्रिम आदेश तक लागू रहेगा, जिससे क्षेत्रीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर विधायक संतोष बरकड़े ने सक्रियता दिखाते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और सांसद आशीष दुबे को अवगत कराया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने रेलवे अधिकारियों से चर्चा कर वैकल्पिक व्यवस्था होने तक फाटक बंद करने के निर्णय को टालने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया।इस बीच गुरुवार को जब रेलवे अधिकारियों ने फाटक पर नाप-जोख शुरू की, तो स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोगों ने ओवरब्रिज के पास नारेबाजी करते हुए जाम लगा दिया और लिखित आदेश जारी करने की मांग की। जनभावनाओं को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने समपार फाटक बंद करने के प्रस्ताव को स्थगित करने का आदेश जारी किया, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया। स्थानीय नागरिकों ने इस समस्या के समाधान में सहयोग के लिए मंत्री, सांसद और विधायक का आभार जताया।

**नाम सुधार की सूचना**
ROHIT TIWARI Age 46 S/O PRAMOD TIWARI यह सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री SAMIKSHA TIWARI के पासपोर्ट नंबर K9472579 में मेरा नाम ROHIT KUMAR TIWARI लिखा हुआ है जिसे बदल कर ROHIT TIWARI कर लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं बैंक पासबुक, आदि में भी लिखा हुआ है। अतः मेरे नाम को ROHIT TIWARI पढ़ा लिखा एवं समझा जावें।
वर्तमान नाम - ROHIT TIWARI
पूर्व नाम - ROHIT KUMAR TIWARI
पता - 1601,Near Radha Krishn Mandir, Shastri Nagar, Tripuri Ward, Garha, Jabalpur (M.P.)

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/09
दिनांक:- 23/04/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राकेश ब्रिजपुरिया पिता स्व. श्री आयोध्या प्रसाद गुप्ता ने मकान नं. 142 का भाग, वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 1926 व.फु. भूतल 900 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा/ लीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**आम सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमति प्रीति चौबे उम्र 33 वर्ष पता- सुभाष नगर न्यू बस्ती-1, गोहलपुर जबलपुर, ने कुटुम्ब न्यायालय में एक आवेदन क्रमांक एम.जे.सी. जी. डब्लू 16/2026 (श्रीमति प्रीति चौबे विरूद्ध आम जनता) अपनी दो भतीजियों आध्या कोष्टा एवं आसवी कोष्टा पुत्री स्व. श्री रिलेश निमझे (कोष्टा) की संरक्षकता (गार्जियनशिप) के लिए दिया गया है। जिसकी आगामी पेशी 15-5-2026 नियत की गई है। यदि किसी व्यक्ति, आम जनता या अन्य संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो आगामी पेशी पर माननीय प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश श्री संजय कुमार जैन, कुटुंब न्यायालय, जबलपुर में दर्ज कराये, अन्यथा आपत्ति इसके पश्चात स्वीकार नहीं की जाएगी।
अनिल कुमार तिवारी (अधिवक्ता)
उच्च न्यायालय, जबलपुर
मो.9340091250

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/08
दिनांक:- 23/04/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामेश्वर गुप्ता पिता स्व. श्री अयोध्या प्रसाद गुप्ता ने मकान नं. 142, वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 1706 व.फु. भूतल 900 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा/ लीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/07
दिनांक:- 23/04/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री डॉ. सतीश अविनाश हर्षे पिता श्री अविनाश पदमाकर हर्षे (2) डॉ. श्रीमति मानसी हर्षे पति डॉ. सतीश अविनाश हर्षे ने मकान नं. 805/जी.एफ.1, वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 750 व.फु. प्रथम तल 750 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/06
दिनांक:- 23/04/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रूपेश अम्बवानी पिता श्री अशोक कुमार अम्बवानी ने मकान नं. 1104 पु. 631, वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी खुली भूमि-1614 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# एक सशक्त कार्यकर्ता ही पार्टी संगठन को सशक्त बनाने का मूल आधारः शिवप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

भाजपा का संगठन इस विश्वास पर आधारित है कि एक सशक्त कार्यकर्ता ही पार्टी की सशक्ति का मूल आधार है। प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से हम प्रत्येक जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं को नए सिरे से प्रशिक्षित करेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को न केवल पार्टी की विचारधारा से अवगत कराएगा, बल्कि उन्हें संगठन के कार्यों और नीतियों के प्रति भी और अधिक जागरूक बनाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्षम और योग्य बनाना हमारे प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य है।

यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही। इंदौर में बुधवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के लिए पश्चिम मध्य क्षेत्र (मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गोवा, दमन-दीव एवं मुंबई) के वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला को उन्होंने संबोधित किया।

भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष ने इंदौर में कार्यशाला में दिए वक्तव्य



वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी।

**कार्यकर्ताओं की नेतृत्व क्षमता को उभारने का प्रयास**

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्गों से कार्यकर्ताओं की नेतृत्व क्षमता को भी उभारने का प्रयास किया जाएगा, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी के संगठनात्मक लक्ष्यों को प्रभावी तरीके से लागू कर सकें। कार्यशाला को भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने संबोधित किया।

### भाजपा राष्ट्र प्रथम के भाव से जनता की सेवा के लिए कार्य करती हैः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा संगठन की कार्यपद्धति और कार्यकर्ताओं के कार्य करने के तरीके की वजह से ही हमारी पार्टी को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाया है। प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए होता है। प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व निर्माण में निखार आता है। प्रशिक्षण से कार्यकर्ता में स्वयं का भी निखार आता है, जिससे पार्टी की कार्यपद्धति और विचारधारा को आगे बढ़ाना और आसान हो जाता है। भाजपा राष्ट्र प्रथम के भाव से जनता की सेवा के लिए कार्य करती है। भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सत्ता केवल जनता की सेवा करने का माध्यम है। पार्टी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के साथ सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### प्रशिक्षण वर्ग पार्टी की कार्यपद्धति बताने का माध्यम : हेमंत

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि हमारी पार्टी में प्रशिक्षण निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। प्रशिक्षण पार्टी के कार्यकर्ताओं को विचारधारा, नीतियों और संगठनात्मक कार्यों से अवगत कराने का एक सशक्त माध्यम है। प्रशिक्षण महाभियान के पहले दौर में मध्यप्रदेश के 1313 मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी।*

### प्रशिक्षण वर्ग से सीखकर संगठन को मजबूती दें: डॉ. विनय

*भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि यह प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की कार्यशाला है। देश में पंजीकृत राजनीतिक दल दो हजार आठसौ से ज्यादा हैं। पंजीकृत दलों में विचारधारा के आधार पर कार्य करने वाले सिर्फ दो दल हैं। देश में लंबे समय से जो विचारधारा के आधार पर जो दल कार्य कर रहे, उनमें केवल हमारा ही दल है। जनसंघ के समय से लेकर आज तक 75 सालों में एक सुदृढ़ परंपरा है, जिसने अपना एक संगठन शास्त्र विकसित किया है।*

---

## खबर संक्षेप

### डे-एनयूएलएम कर्मियों पर फैसला अब लोकल बॉडी करेगी

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) के तहत कार्यरत मानव संसाधनों को लेकर निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में अब यह स्पष्ट किया गया है कि संबंधित मानव संसाधनों की सेवा जारी रखने अथवा समाप्त करने का अंतिम निर्णय स्थानीय निकाय स्तर पर लिया जाएगा। निर्देशों में कहा गया है कि सभी नगर निगम आयुक्त एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने-अपने स्तर पर स्थिति का आंकलन कर जरूरी निर्णय ले सकते हैं।

### महापौर ने 11 नंबर क्षेत्र में रोड क्रास के लिए किया भूमिपूजन

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने बुधवार को 11 नंबर स्टॉप क्षेत्र में करीब 8 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे रोड क्रास के लिए विधिवत भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लोगों की सुविधा को देखते हुए रोड क्रास का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव, पार्षद अरविंद वर्मा, पूर्व पार्षद संतोष हिरवे के अलावा भगवत रघुवंशी, पंकज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी मौजूद थे।

### कोर्ट बोला- ओपीएस में पूर्व सेवा की अनदेखी नहीं की जा सकती

**बिलासपुर।** चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की अगुवाई वाली डिवीजन बेंच ने शिक्षक एलबी राजेंद्र प्रसाद पटेल की याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य शासन की अपील को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने शिक्षाकर्मी एलबी राजेंद्र की पूर्व सेवा गणना के आधार पर पेंशन के प्रकरणों का निर्धारण करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि ओपीएस में पूर्व सेवा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। नगर निगम में पदस्थ शिक्षक राजेंद्र प्रसाद पटेल ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर कर संविलियन से पूर्व की सेवा को ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) में शामिल करने की मांग की थी।

### खराड़ी आत्महत्या केस में डोडियार ने की एसआईटी जांच की मांग

**भोपाल।** रतलाम जिले के आलोट क्षेत्र में पदस्थ पटवारी रविशंकर खराड़ी की आत्महत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने और निष्पक्ष जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की है। डोडियार ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि मृतक पटवारी द्वारा आत्महत्या से पहले लिए गए पत्र और सामने आए तथ्यों से यह संकेत मिलता है कि आलोट में पदस्थ नायब तहसीलदार सविता राठौड़ द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि उन पर अनावश्यक कार्यों का दबाव बनाया गया, रिकॉर्ड में बदलाव के लिए बाध्य किया गया और व्यक्तिगत परेशान किया गया, जिससे वे मानसिक तनाव में आ गए थे। डोडियार ने सविता राठौड़ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की।

---

### मप्र में सिंचाई, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए हजारों करोड़ की स्वीकृति

# शासकीय मेडिकल कॉलेजों में परिजन आवास रैन बसेरा बनाने मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

अडानी इंटरप्राइज देश भर में 100 रैन बसेरा का निर्माण कराने जा रही है। इसमें से तीन रैन बसेरा मप्र में बनेंगे। इन रैन बसेरो के बन जाने से अस्पतालों में आने वाले मरीजों के परिजनों को निः शुल्क रहने, खाने पीने से लेकर अन्य तरह की सुविधा मिल सकेगी। इसके लिए मप्र कैबिनेट ने प्रदेश के चुने हुए मेडिकल कॉलेजों के परिसर में परोपकारी संस्थाओं के माध्यम से परिजन आवास स्थापित करने के लिए मंजूरी दी है। कैबिनेट से मिली मंजूरी के अनुसार यह संस्थाएं ऐसे परिजन विश्राम गृह (रैन बसेरा) की स्थापना अपने वित्तीय संसाधनों से करेगी। इसके लिए सरकार कोई कोई वित्तीय सहायता नहीं देगी। संस्था की ओर से सेवाओं के लिए लिया जाने वाला शुल्क का निर्धारण शासन की ओर से गठित समिति की ओर से किया जाएगा।

प्रस्तावित व्यवस्था से मरीज के परिजनों को बेहतर व्यवस्था कम दरों पर मिलेंगी और मानसिक रूप से वे बेहतर स्थिति में होंगे, जिसका सीधा-सीधा लाभ अस्पताल की व्यवस्था पर पड़ेगा और व्यवस्था सुचारु होगी। मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अस्पतालों में दूर-दूर से मरीज आते हैं। इनके साथ परिजन भी आते हैं। इनमें से कई परिजन अस्पताल परिसर से बाहर ठहरने की व्यवस्था के व्यय भार को उठाने में सक्षम नहीं होने के कारण अस्पताल परिसर में हो सो जाते हैं। इससे अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, साथ ही परिजनों को भी ठहरने को आरामदायक स्थान नहीं मिल पाता है। इसका अप्रत्यक्ष असर अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्था तथा मरीज और अस्पताल स्टाफ के मध्य संव्यवहार पर भी पड़ता है, जिससे अस्पतालों के कार्य प्रभावित होते हैं।

**खास बातें**

- परिजनों को उत्तम व्यवस्था कम दरों पर मिलेंगी
- मप्र में अडानी इंटरप्राइज बनाएंगी तीन रैन बसेरे


कैबिनेट बैठक में उपस्थित सीएम और मंत्रीगण।

#### स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई निर्णय लिए

डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के बुनियादी ढांचे, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं के लिए हजारों करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई, जिससे प्रदेश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है।

#### सबसे बड़ी स्वीकृति 25,164 करोड़ रुपए की दी

लोक निर्माण विभाग के तहत विकास कार्यों के लिए सबसे बड़ी स्वीकृति 25,164 करोड़ रुपए की दी गई है। इसमें सड़क निर्माण, ग्रामीण मार्गों के उन्नयन, पुल निर्माण और सरकारी भवनों के रखरखाव जैसे कार्य शामिल हैं। यह कार्य 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक जारी रहेंगे, जिससे प्रदेश में कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना में बड़ा सुधार होगा।

#### राज्य वित्त आयोगः 15 नए पद सृजित किए गए

छठवें राज्य वित्त आयोग के कार्यों के लिए 15 नए पद सृजित किए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए करीब 24 करोड़ रुपए की स्वीकृति देकर युवाओं को शासन-प्रशासन में भागीदारी का अवसर दिया है। इन फैसलों से प्रदेश में विकास को गति मिलेगी।

#### 157 करोड़ 14 लाख रुपए की प्रशासनिक मंजूरी दी गई

सबसे पहले उज्जैन जिले की इन्दौख-रुदाहेड़ा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को 157 करोड़ 14 लाख रुपए की प्रशासनिक मंजूरी दी गई। इस परियोजना से 10,800 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होगी और झारड़ा तहसील के 35 गांवों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के तहत पुनर्वास के लिए विशेष पैकेज को बढ़ाकर लगभग 969 करोड़ रुपए कर दिया गया है। यह पैकेज पहले स्वीकृत 840 करोड़ 80 लाख रुपए से अधिक है। परियोजना के तहत चार बड़े बांध बनाए जाएंगे, जिससे छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिलों के करीब 1.90 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और 628 गांव लाभान्वित होंगे। विस्थापितों के पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए यह पैकेज केन-बेतवा लिंक परियोजना के अनुरूप रखा है।

---

### मुख्यमंत्री ने प्रक्रिया की जानकारी ली

# द्वारका नगरी योजना से शहरी विकास को मिलेगी नई गति


बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में शहरीकरण की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने विशेष प्रबंध किए हैं। द्वारका नगरी योजना भी उसी दिशा में उठाया गया एक बढ़ा कदम है। द्वारका योजना शहरों के विकास की नई रुपरेखा लिखेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में नियोजित और सु-व्यवस्थित विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रालय में द्वारका नगरी योजना के नियमों और प्रकिया के बारे में विभागीय प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने योजना के सभी नियमों एवं उपबंधों की जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के क्रियान्वयन में समयबद्धता, पारदर्शिता और विकास-निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। योजना से नगरीय क्षेत्रों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ ही नागरिक सुविधाओं का विस्तार भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस योजना में प्रदेश के नगरीय निकायों से प्राप्त किये जाने वाले प्रस्तावों में शहर की प्रमुख सड़कों का विकास एवं मरम्मत, शहर की समुचित साफ-सफाई, जन-सुविधा विकास-विस्तार से संबंधित कार्यों को तवज्जो दी जाए। साथ ही शहर में गौशाला निर्माण और मुक्तिधाम निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता से शामिल किया जाए। योजना प्रस्तुतिकरण बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, वित्त सचिव लोकेश जाटव, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे उपस्थित थे।

---

# बस्तर के रावघाट एरिया कमेटी की महिला माओवादी का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजनांदगांव

बस्तर के रावघाट एरिया कमेटी मेंबर माओवादी उर्मिला उर्फ टेटकी (28) ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला मुख्यालय में आत्मसमर्पण किया है। बुधवार की शाम वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। गुरुवार को पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में उसका विधिवत आत्मसमर्पण कराया जाएगा।



उर्मिला मूलतः मानपुर ब्लॉक के मुंजाल गांव की रहने वाली है। वह 13 वर्ष तक सशस्त्र माओवादियों के साथ बस्तर में सक्रिय रही। वह मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के आखिरी माओवादी कैडर बताई जा रही है। 15 वर्ष की आयु में ही संगठन में शामिल हो गई थी उसने बताया कि 15 वर्ष की आयु में ही डीवीसीएम जंगू उसे अपने साथ बस्तर के कोयलीबेड़ा लेकर गया जहां उसे संगठन में शामिल गया था। उर्मिला से यह जानकारी भी मिली कि डेढ़ माह पूर्व ही वह डीवीसीएम हार्डकोर माओवादी चंदर और एसीएम रुपी से कांकेर के जंगल में मिली थी। इसके बाद मुठभेड़ में रुपी मारी गई जबकि चंदर अब भी एक दर्जन साथियों के साथ बस्तर में सक्रिय है। अपने गृह जिले में ही आत्समर्पण करना चाहती थी। उर्मिला कुछ दिनों पहले बगैर हथियार के ही जंगल के रास्ते बस्तर से मोहला की ओर रवाना हुई थी। वह पैदल ही मानपुर के जंगल पहुंची, जहां से उसके आत्मसमर्पण का रास्ता खुला। वह अपने गृह जिले में ही आत्सपर्मण करना चाहती थी।

---

### मई से सर्वे शुरू होगा

# बस्तर के गुमनाम रहे 497 गांवों का पहली बार होगा राजस्व सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

बस्तर संभाग के 497 गांवों में मई से राजस्व सर्वे शुरू होगा। अबूझमाड़ सहित बस्तर के इन गांवों में सरकार पहली बार आधिकारिक रूप से कदम रखने जा रही है। राजस्व सर्वे होने से सदियों से गुमनाम रहे इलाके सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज होंगे।

सर्वे के लिए आईआईटी रुड़की को जिम्मेदारी दी गई है। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के 240 गांव आज तक किसी भी सरकारी सर्वे की श्रेणी में नहीं थे। विज्ञानी तरीके से सर्वे होगा। अबूझमाड़, जिसे दशकों तक माओवाद के साये और दुर्गम रास्तों के कारण अबूझ (अनसुलझा) माना जाता था, अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ने जा रहा है। सर्वे केवल जमीन नापने तक सीमित नहीं होगा, बल्कि जल, जंगल, नदी, तालाब और खेतों का विज्ञानी तरीके से रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा।

#### न कभी पटवारी पहुंचे और न कोई सरकारी सर्वेक्षक

माओवादियों के डर के कारण इन गांवों में न तो कभी पटवारी पहुंचे और न ही कोई सरकारी सर्वेक्षक, लेकिन अब बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव, बस्तर, कांकेर और दंतेवाड़ा जैसे जिलों के सैकड़ों गांवों का नक्शा तैयार होगा। अबूझमाड़ के 5,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र के मानचित्रण के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-रुड़की) के साथ इसी साल जनवरी में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

---

# महानदी विवाद में ट्रिब्यूनल ने छत्तीसगढ़ ओडिशा से 10 दिन में मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

महानदी के जल बंटवारे को लेकर छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच वर्षों से चला आ रहा विवाद एक बार फिर गरमा गया है। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस बेला त्रिवेदी की अध्यक्षता में गठित ट्रिब्यूनल ने इस मामले में दोनों राज्यों को 10 दिनों के भीतर महानदी बेसिन में जल उपलब्धता के नए आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली महत्वपूर्ण सुनवाई दो मई को होगी। सुनवाई के दौरान ओडिशा सरकार ने भीषण गर्मी का हवाला देते हुए महानदी से अधिक पानी की मांग रखी है।



#### दोनों राज्यों के सीएम की हो चुकी है बैठक

करीब 900 किमी लंबी इस नदी का 357 किमी हिस्सा छत्तीसगढ़ और 494 किमी ओडिशा में आता है। ट्रिब्यूनल ने हाल ही में बेसिन क्षेत्र का दौरा कर जमीनी हकीकत का जायजा भी लिया है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के बीच हुई बैठक में भी समाधान पर जोर दिया गया था।

**छत्तीसगढ़ सरकार ने क्या कहा?**

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया कि वर्तमान में जल स्तर काफी नीचे जा चुका है, ऐसी स्थिति में अतिरिक्त पानी छोड़ना संभव नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, गर्मी में प्राकृतिक रूप से प्रवाह कम हो जाता है, जिससे दोनों राज्यों के बीच खींचतान बढ़ जाती है। 14 नदियां और दावों का टकराव महानदी बेसिन में कुल 14 प्रमुख नदियां शामिल हैं, जिनमें से नौ नदियां छत्तीसगढ़ में महानदी, शिवनाथ, हसदेव, अरपा, खारुन, पैरी, सोंढूर, मंद और जोंक का ऊपरी हिस्सा में बहती हैं। ओडिशा में महानदी के साथ इब, तेल, आंग और जोंक का निचला हिस्सा प्रमुख है।

---

### सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर बुलाई हाईलेवल रिव्यू मीटिंग

# हाईटेक सुरक्षा व मजबूत प्लानिंग से होगा भव्य आयोजन.... करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए तैयारी

डीजीपी मकवाणा ने सुरक्षा-टेक्नोलॉजी पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

सिंहस्थ-2028 (महाकुंभ) के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर उज्जैन में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक में डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि सिंहस्थ केवल प्रशासनिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान का वैश्विक प्रतीक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण, विभागीय समन्वय और जनसहयोग के जरिए इस आयोजन को ऐतिहासिक और सुरक्षित बनाया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक मकवाणा ने की। इस दौरान पुलिस सुरक्षा, साइबर प्रबंधन, तकनीकी नवाचार और प्रशिक्षण व्यवस्था पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

#### पुलिस ड्यूटी पोर्टल लॉन्च, साइबर सुरक्षा पर खास फोकस



बैठक के दौरान पुलिस ड्यूटी पोर्टल का शुभारंभ किया गया, जिसे ईएचआरएमएस सिस्टम से जोड़ा गया है। इस पोर्टल के जरिए सिंहस्थ में ड्यूटी करने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारी ऑनलाइन पंजीयन, सत्यापन और ड्यूटी आवंटन कर सकेंगे। एंपलाई आईडी के माध्यम से डेटा स्वतः प्राप्त होगा और पंजीकरण के बाद एसएमएस से पुष्टि भी मिलेगी। साथ ही सिंहस्थ साइबर सुरक्षा योजना का प्रस्तुतीकरण हुआ और साइबर सुरक्षा पोस्टर का अनावरण किया गया। इस योजना के तहत सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, फेक न्यूज पर नियंत्रण, साइबर फ्रॉड रोकथाम और श्रद्धालुओं के डिजिटल डेटा की सुरक्षा के लिए मजबूत तंत्र विकसित किया जाएगा।

#### 21 दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल शुरू

उप पुलिस महानिरीक्षक नवनीत भसीन ने प्रशिक्षण व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि 7, 14 और 21 दिन के विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। 21 दिवसीय मॉड्यूल का शुभारंभ भी इस बैठक में किया गया। इसमें भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, साइबर अपराध, वीआईपी सुरक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट, घाट सुरक्षा और इंटीग्रेटेड कमांड सिस्टम जैसे अहम विषय शामिल हैं। इसके तहत चयनित अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा, जो अपने-अपने जिलों में अन्य पुलिस बल को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण को व्यवहारिक बनाने के लिए प्रयागराज महाकुंभ 2025 के अनुभवों का भी अध्ययन किया जा रहा है।

---

### समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित होगी

# वित्तीय जागरूकता के लिए उप समूह का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राज्य शासन ने जनसामान्य से छलपूर्वक धन जुटाने वाली संस्थाओं, व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा इस संबंध में वित्तीय क्षेत्र के नियामकों एवं विधि प्रवर्तन प्राधिकरणों के मध्य समन्वय करने के उद्देश्य से गठित राज्य स्तरीय समिति के प्रस्ताव के अनुसरण में राज्य में वित्तीय जागरूकता के प्रसार के लिए उप समूह का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार समिति में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव गृह को अध्यक्ष बनाया गया है। अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अपराध अनुसंधान सदस्य होंगे।

उप-समूह में भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से नामित अधिकारी को सदस्य सचिव, सन्वयक मनोनीत किया गया है। जनसामान्य में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता के लिए रणनीति, कार्ययोजना तैयार करना उप समूह का उद्देश्य होगा। उप समूह की बैठक अर्द्धवार्षिक आधार पर आयोजित की जाएगी।



## जवान के सीक्वल में नजर आएंगे शाहरुख, स्क्रिप्टिंग का काम पूरा

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान जल्द ही अपनी नई फिल्म 'किंग' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है। इसी बीच खबर है कि 'किंग' के बाद वह अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान के सीक्वल यानी 'जवान 2' पर काम शुरू कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस फिल्म की स्क्रिप्ट लगभग तैयार है। और मेकर्स इसे आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इससे पहले भी 'जवान 2' को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ चुकी हैं, लेकिन फिल्म के डायरेक्टर की तरफ से भी कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया गया था। शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को रिलीज होगी।

**लाइफ Style**



# सारा

## धुरंधर 2 की यलीना अब बनेंगी मधुबाला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस मानी जाने वालीं मधुबाला की बायोपिक की चर्चा कई साल से हो रही है। इसके लिए कई एक्ट्रेसेस के नाम सामने आए, पर किसी पर भी मुहर नहीं लगी। अब इसके लिए 'धुरंधर' की यलीना यानी सारा अर्जुन का नाम कन्फर्म बताया जा रहा है। यानी उनकी लॉटरी लग गई है।


कहा जा रहा है कि वह मधुबाला पर बन रही बायोपिक में उनका किरदार निभाएंगी। उनका नाम मधुबाला की बायोपिक के लिए कन्फर्म है। इस बायोपिक को जसमीत के रीन डायरेक्ट करेंगी, जबकि संजय लीला भंसाली प्रोड्यूसर हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मधुबाला की बायोपिक की शूटिंग जुलाई से शुरू होगी। धुरंधर और धुरंधर 2 के बाद इसे सारा अर्जुन के कॅरियर की अहम फिल्म माना जा रहा है, जो उनके कॅरियर को एक नई दिशा देगी। सारा अर्जुन वैसे तो बचपन से फिल्मों में काम कर रही हैं, पर धुरंधर ने उन्हें रातोंरात जबरदस्त स्टारडम दिलाया है। मधुबाला की बायोपिक की बात करें, तो यह कई साल से अटकी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बजट की कमी के कारण इसे कई बार देरी का सामना करना पड़ा, लेकिन बाद में यह ट्रैक पर लौट आई। अहम मोड़ तब आया जब संजय लीला भंसाली बतौर प्रोड्यूसर मधुबाला की बायोपिक से जुड़े। वहीं ,जसमीत के रीन डायरेक्टर हैं, जिन्होंने विजय वर्मा और आलिया भट्ट स्टारर 'डार्लिंग्स' डायरेक्ट की थी। बताया जा रहा है कि सारा अर्जुन ने मधुबाला की खूबसूरती, गरिमा और पर्दे पर उनकी उपस्थिति को हूबहू उतारने के लिए जोरदार तैयारी शुरू कर दी है।

**हॉलीवुड मसाला**



## गर्लफ्रेंड संग सैर करते दिखे

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर हैरी स्टाइल्स और अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस जोई क्राविट्स की सगाई की खबरें तेजी से सोशल मीडिया पर फैल गईं। क्या सच में हैरी और जोई ने सगाई की है? कुछ दिन पहले हैरी स्टाइल्स अपनी गर्लफ्रेंड जोई क्राविट्ज के साथ लंदन में सैर करते नजर आए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो को गौर से देखने पर फैंस को पता चला कि जोई ने एक अंगूठी पहनी है। यह अंगूठी उस फिंगर में थी सिसमें सगाई की अंगूठी पहनी जाती है।




## रेसलर हल्क की डॉक्यूमेंट्री में सामने आया दर्दनाक सच

**लॉस एंजिल्स।** रेसलिंग लीजेंड हल्क होगन की डॉक्यूमेंट्री रिलीज हुई है। हाल ही में उन्होंने अपनी इस डॉक्यूमेंट्री पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी जिंदगी में एक समय ऐसा भी आया था जब वे सुसाइड करने वाले थे। रेसलिंग की दुनिया के दिग्गज हल्क होगन की जिंदगी का एक बेहद इमोशनल और मुश्किल दौर अब सामने आया है। उनकी नई डॉक्यूमेंट्री 'हल्क होगनः रियल अमेरिकन' में उन्होंने अपने जीवन के सबसे कठिन समय के बारे में खुलकर बात की है। हल्क होगनः रियल अमेरिकन की इस 4-एपिसोड की सीरीज में हल्क होगन का आखिरी इंटरव्यू भी दिखाया गया है, जो उनके जुलाई 2025 में 71 साल की उम्र में निधन से पहले लिया गया था। इसमें उन्होंने बताया कि अपनी शादी टूटने के दौरान वह इतने टूट गए थे कि उन्होंने सुसाइड तक के बारे में सोचा था।



## पैपराजी से बात करना अच्छा लगता है


**मुंबई।** अभिनेत्री सोनम बाजवा इन दिनों अपनी आगामी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'पिट सियापा' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में सोनम प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही एक बातचीत में सोनम ने कहा कि जब पैपराजी उनसे फोटो के लिए कहते हैं, तो समझ ही नहीं आता कि कैसे रिएक्ट करें। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं जोर से हंसती हूं। मुझे नहीं पता कि पैपराजी के सामने क्या करना है। वे सैलून के बाहर भी इंतजार कर रहे होते हैं। मैं उन्हें मना नहीं कर सकती। लेकिन मुझे बहुत शर्म आती है, मुझे नहीं पता कि अगर मैं अभी-अभी सैलून से निकली हूं तो उनके सामने कैसे पोज दूं। मुझे लगता है कि लोग सोचेंगे, यह पैपराजी के सामने क्यों हंसती रहती है? मुझे उनसे बात करने में बहुत मजा आता है। मुझे उनसे कभी-कभार मिलना अच्छा लगता है।




## गवर्नरः द साइलेंट का पोस्टर जारी...

**मुंबई।** गुरुवार को मनोज बाजपेयी ने अपना 57वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उनकी आने वाली फिल्म 'गवर्नरः द साइलेंट सेवियर' का फर्स्ट लुक सामने आया है। फिल्म को विपुल अमृतलाल शाह प्रोड्यूस करेंगे। जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दी। विपुल शाह द्वारा रिलीज किए गए फिल्म 'गवर्नर' के पोस्टर में काफी सस्पेंस नजर आ रहा है। पहले पोस्टर में एक हरी कुर्सी दिख रही है। जो किसी मंत्रालय या अधिकारिक ऑफिस की लग रही है। इस पोस्टर में फिल्म की कहानी या किरदारों से जुड़ी कोई जानकारी नहीं है। इसके साथ ही एक लाइन लिखी हुई है। 'ये सिर्फ कुर्सी नहीं.. जिम्मेदारी है।' वहीं फिल्म के दूसरे पोस्टर में मनोज बाजपेयी पीछे से नजर आ रहे हैं। वो फॉर्मल ड्रेस में हैं।

**टीवी मसाला**



## सपने वर्सेस एवरीवन-2 का ट्रेलर रिलीज दोगुना हुआ किरदारों का संघर्ष

**नई दिल्ली।** सपने वर्सेस एवरीवन 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। लगभग 4 साल पहले एक सीरीज सपने वर्सेस एवरीवन रिलीज हुई थी। इस सीरीज में दो ऐसे लोगों की कहानी थी जो समाज के दोगले रवैया का शिकार हैं, इसके बावजूद वह अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। दूसरे सीजन में भी इस सीरीज के किरदारों का संघर्ष खत्म नहीं हुआ है, यह दोगुना हो चुका है। क्या इस बार उन्हें अपनी मंजिल मिलेगी? या फिर उनके सपने टूट जाएंगे? 'सपने वर्सेस एवरीवन 2 के ट्रेलर में कहानी को लेकर काफी अंदाजा दर्शकों को सकता है। सपने वर्सेस एवरीवन 2 के ट्रेलर में सीरीज के दोनों मुख्य किरदार अपने सपनों को पूरा करने के सफर पर निकलते हैं। लेकिन, सपने कहां आसानी से पूरे होते हैं, इनके सपने अब नई मुश्किलें हैं। क्या यह मुश्किलें इन्हें तोड़ देंगी, मौत की दहलीज पर लाकर खड़ा कर देंगी? इन सब सवालों के जवाब सीरीज के रिलीज होने के बाद पता चलेगा। सीरीज 'सपने वर्सेस एवरीवन 2' अगले महीने रिलीज होगी। यह सीरीज 1 मई से अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगी। इस सीरीज में पहले सीजन के कई कलाकार फिर से नजर आएंगे। अंबरीश वर्मा, पमरवीर चीमा, विजयंत कोहली दूसरे सीजन में भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।


### तुलसी का राज बरकरार, अनुपमा फिर पीछे

**नई दिल्ली।** पिछले कई हफ्तों से टीआरपी लिस्ट में स्मृति ईरानी का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' पहले नंबर पर कब्जा जमाए बैठा है। 15वें हफ्ते में भी पहले नंबर पर यही सीरियल है। दूसरे नंबर पर वसुधा सीरियल को जगह मिली है, इसकी टीआरपी 15वें हफ्ते में 1.8 है। जबकि 14वें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी 1.9 थी और ये तब भी दूसरे नबंर पर था। वहीं, 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है का नाम शामिल है। इसे 1.8 की टीआरपी मिली है। 14वें हफ्ते में यह सीरियल टॉप 5 में शामिल नहीं था। रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की बात करें तो वह 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर है। 'अनुपमा' सीरियल को 1.8 की टीआरपी मिली है। 14वें हफ्ते में इस सीरियल को 1.7 की टीआरपी मिली है। ऐसे में देखा जाए तो नए हफ्ते में इसकी टीआरपी बढ़ी है। 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में पांचवें नंबर पर सीरियल 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं'है। 14वें हफ्ते में भी यह सीरियल इसी पोजिशन पर था। दोनों ही हफ्तों में इसकी टीआरपी 1.7 की रही है।



## बीआर से बोले थे महबूब - मत बनाओ तांगे वाले की फिल्म, लुट जाओगे...

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा के यादगार फिल्म निर्माताओं की बात करें तो वह लिस्ट बीआर चोपड़ा के बिना अधूरी होगी। बलदेव राज चोपड़ा, यानी बीआर चोपड़ा साहब ने अपने कॅरियर में कई यादगार फिल्में दीं, लेकिन उनकी 1957 में रिलीज फिल्म 'नया दौर' से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा आज भी चर्चा में रहता है। यह वही फिल्म है, जिसकी कहानी शुरुआत में कई बड़े फिल्मकारों को पसंद नहीं आई थी, जिनमें मशहूर निर्देशक महबूब खान भी शामिल थे। बीआर चोपड़ा का इंडस्ट्री में योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने नई दिशा देने के साथ ही गंभीर विषयों पर आधारित कहानियों से दर्शकों तक पहुंचाया। साल 1998 में उन्हें भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान, दादा साहब फाल्के अवार्ड, से सम्मानित किया गया।*



### एक तांगा चलाने वाले की जिंदगी की कहानी

बीआर चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि 'नया दौर' की कहानी उन्हें उनके दोस्त और लेखक एफ.ए. मिर्जा ने सुनाई थी। यह कहानी इंसान और मशीनों के बीच संघर्ष पर आधारित थी, जिसमें एक तांगा चलाने वाले की जिंदगी को केंद्र में रखा गया था। उस दौर में यह विषय काफी अलग और जोखिम भरा माना जाता था।

### कई फिल्ममेकर्स ने कहानी को कर दिया खारिज

दिलचस्प बात यह है कि इस कहानी को पहले कई नामी फिल्ममेकर्स को सुनाया गया, लेकिन सभी ने इसे खारिज कर दिया। किसी ने इसे डॉक्यूमेंट्री जैसा बताया, तो किसी ने बकवास कहकर नकार दिया। यहां तक कि महबूब खान ने भी इस कहानी को पसंद नहीं किया और इसे तांगे वाले की कहानी कहकर नजरअंदाज कर दिया। इसके बावजूद बीआर चोपड़ा को इस कहानी में दम नजर आया। उन्होंने तय किया कि वह इस पर फिल्म जरूर बनाएंगे।

***कहानी और मेसेज के कारण खास पहचान बनाई :*** फिल्म रिलीज होने के बाद जो हुआ, वह इतिहास बन गया। 'नया दौर' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट साबित हुई और सिनेमाघरों में लंबे समय तक चली। फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया और अपनी कहानी और मेसेज के कारण खास पहचान बनाई। फिल्म की सफलता के बाद जब इसकी सिल्वर जुबली मनाई जा रही थी, तब महबूब खान ने बीआर चोपड़ा को फोन कर कहा, 'चीफ गेस्ट के तौर पर किसे बुला रहे हो?' फिर कहा, 'मैं ही चीफ गेस्ट के रूप में आ जाता हूं।'

## श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर पहुंचे विवेक और शमिता, लिया आशीर्वाद



**मुंबई।** अभिनेता विवेक ओबेरॉय और शमिता शेट्टी ने तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के दर्शन किए। दोनों सितारों ने पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर में घूमते हुए भगवान श्री वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया। शमिता शेट्टी गुलाबी रंग की साड़ी में मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। वहीं, विवेक ओबेरॉय भी पारंपरिक वेशभूषा में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन करने मंदिर गए। सफेद धोती के साथ उन्होंने लाल रंग का अंग वस्त्र धारण किया। मंदिर परिसर में विवेक ओबेरॉय और शमिता शेट्टी ने तस्वीरें क्लिक कराईं। विवेक ओबेरॉय के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म मेकर्स ने हाल ही में विवेक के किरदार का एक नया लुक जारी किया था। इसमें विवेक गहरे रंग का चोगा पहने, आंखों पर धूप का चश्मा लगाए और हाथ में तलवार लिए दिखे। उनका लुक फैंस को बहुत रहस्यमयी और दमदार लगा। इस फिल्म में ऐश्वर्या देसाई भी नजर आएंगी।

### खूब सुना जाता है ये पुराना गीत, दिल को देता है सुकून

## 48 साल बाद भी कल्ट बना हुआ किशोर और लता का गाना

### यादगार गीत

हिंदी सिनेमा के उम्दा गायकों के तौर पर किशोर कुमार और लता मंगेशकर ने अपनी पहचान बनाई थी। दोनों के निधन के बाद भी इनके गानों को आज भी श्रोता खूब सुनते हैं। इस बीच हम आपको लता दीदी और किशोर दा के जिस गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, उसे 1978 में आई फिल्म डॉन के लिए इन दोनों ने एक साथ मिलकर गाया था। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान पर फिल्माए गए उस सॉन्ग का नाम- जिसका मुझे था इंतजार... था।

### आशा ने गाया था ये गाना

किशोर कुमार और लता मंगेशकर अलावा डॉन फिल्म का एक गाना आशा भोसले ने भी गाया था। वह गीत ये मेरा दिल यार का दीवाना... था, जिसे आशा ताई ने अपनी मधुर आवाज दी थी।

***नई दिल्ली।*** *सुरों के सरताज किशोर कुमार और सुरों की कोकिला लता मंगेशकर हिंदी सिनेमा के दो दिग्गज गायक हुआ करते थे। अपने-अपने गायिकी के करियर में इन दोनों ने कई शानदार नगमों को मधुर आवाज के जरिए अमर किया, जिन्हें श्रोता आज भी सुनना पसंद करते हैं। इस आधार पर आज हम आपको किशोर दा और लता दीदी के एक यादगार गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 48 साल पहले दोनों ने एक साथ मिलकर गाया था। 7 मिनट लंबा वह गीत आज भी लोगों की जुबान पर आसानी से आ जाता है।*



### बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग

48 साल पुराना किशोर कुमार और लता मंगेशकर का ये गाना आज भी हिंदी सिनेमा के सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गीत के संगीतकार कल्याण जी और आनंद जी की जोड़ी थी, जबकि गीतकार की जिम्मेदारी अनजान जी ने निभाई थी और इस तरह जाकर डॉन का ये आइकॉनिक सॉन्ग बनकर तैयार हुआ। लता मंगेशकर नहीं, लेकिन किशोर कुमार अमिताभ की डॉन के अधिकतर गानों को अपनी आवाज दी थी, जिनमें ये गाने शामिल रहे- ये है बंबई नगरिया..., खाइके पान बनारस वाला...,अरे दीवानों मुझे पहचानो...।